दिनांकः 23.05.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- 19वें रोजगार मेले का आज देश में 47 स्थानों पर आयोजन–51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र मिलेंगे।
- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा–राजस्थान में 76 हजार 800 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य प्रगति पर।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल और मंत्रिपरिषद की बैठक में कई अहम निर्णय लिये गये।
- प्रदेश के 4 शहरों में दिन का पारा 44 और 25 स्थानों पर 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया।

000

देश में आज 19वें रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। 47 स्थानों पर लगने वाले इन मेलों के माध्यम से 51 हजार से अधिक युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों के नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ये नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इस अवसर पर श्री मोदी उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता दर्शाता है।

इधर, प्रदेश में जयपुर, जोधपुर, अजमेर और बीकानेर में रोजगार मेले लगाये जा रहे हैं। इनमें 11 सौ अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिये जाएंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। वहीं केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जोधपुर में, कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी अजमेर में और बीकानेर में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। गौरतलब है कि देशभर में अब तक आयोजित 18 रोजगार मेलों के माध्यम से करीब 12 लाख नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं।

000

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि राजस्थान में 76 हजार 800 करोड़ रुपये से अधिक के रेल विकास कार्य प्रगति पर हैं। वहीं अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 85 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। श्री वैष्णव कल पाली में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड काल के बाद राजस्थान के लिए 46 नई रेल सेवाओं की शुरूआत की गई है।

--------------

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि राज्य में मोबाइल मेडिकल सेवाओं और निशुल्क जांच शिविरों के जरिये गांव–गांव तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंच रही हैं। श्री बिरला कल कोटा के रामगंज मंडी में जिला अस्पताल के शिलान्यास समारोह के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 200 बैड के इस आधुनिक अस्पताल के बनने से लोगों को स्थानीय स्तर पर ही उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं सुलभ हो सकेंगी।

----------------

000

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फिर से बढ़ोतरी की गई है। इन पर प्रति लीटर 91 पैसे बढाये गये हैं। पिछले 10 दिन में तेल के दाम तीसरी बार बढाये गये हैं। 15 मई को 3 रुपये, 19 मई को 90 पैसे बढाने के बाद अब ईंधन की कीमतें फिर बढने से हाल के दिनों में अब तक लगभग 5 रुपये प्रति लीटर की बढोतरी हो चुकी है। पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच ये निर्णय किया गया है।

000

सीबीआई ने नीट–यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में एक और आरोपी को पुणे से गिरफ्तार किया है। मनीषा संजय हवलदार नाम की ये महिला परीक्षा प्रक्रिया में शामिल थी। इसे एनटीए ने विशेषज्ञ के रूप में नियुक्त किया था। इस प्रकरण में सीबीआई ने देशभर में जयपुर सहित कई स्थानों पर छापेमारी कर अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सी.बी.एस.ई ने 12वीं कक्षा बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिका की स्कैन कॉपी लेने की आखिरी तारीख एक दिन और बढ़ाकर 24 मई कर दी है। बोर्ड की वेबसाइट पर आवेदक के अत्यधिक और तकनीकी व्यवधान को देखते हुए ये निर्णय लिया गया है। इससे विद्यार्थियों को पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने वास्ते दो दिन का समय मिल सकेगा।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में कल हुई मंत्रिमण्डल और मंत्रिपरिषद की बैठक में कई अहम निर्णय लिये गये। कैबिनेट बैठक में विकसित राजस्थान के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए राजस्थान इण्डस्ट्रियल डवलपमेंट पॉलिसी का अनुमोदन किया गया। साथ ही ऊर्जा उत्पादन में बढ़ोतरी, पेंशनर्स कल्याण के बारे में भी फैसले लिये गये। वहीं मंत्रिपरिषद की बैठक में वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान, मुख्यमंत्री विकसित ग्राम–शहरी वॉर्ड अभियान तथा पीने के पानी और बिजली आपूर्ति सहित कई विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक के बाद उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत और ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर ने पत्रकार वार्ता में बताया कि राजस्थान इण्डस्ट्रियल डवलपमेंट पॉलिसी के तहत पर्यावरण अनुकूल औद्योगिक उत्पादन, अक्षय ऊर्जा और सर्कुलर इकॉनोमी को प्रोत्साहन दिया जाएगा। मंत्रिमंडल ने सिविल सेवा पेंशन नियम 1996 में तीन संशोधनों को मंजूरी दी है। उद्योग मंत्री ने बताया कि अब पेंशनर्स फेस स्कैन तकनीक से घर बैठे ही जीवन प्रमाण पत्र दे सकेंगे।

--------------

बैठक में राजपत्रित अधिकारियों के साथ ही अराजपत्रित अधिकारियों को भी एसएसओ आईडी से जीवन प्रमाण पत्र जारी किये जाने के लिए अधिकृत किया गया है। बैठक में जैसलमेर, बाड़मेर और बीकानेर जिलों में अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए जमीन आवंटन की मंजूरी भी दी गई।

000

कांग्रेस पार्टी का चिंतन और प्रशिक्षण शिविर आज से पुष्कर में शुरू हो रहा है। दस दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, आगामी चुनावी रणनीति और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी सहित कई अन्य नेता इसमें शामिल होंगे।

000

प्रदेश के चार शहरों में कल दिन का पारा 44 डिग्री के पार रहा। 44 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस के साथ चित्तौड़गढ़ सबसे गर्म रहा। वहीं 25 स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर मापा गया। राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के असर से तापमान में मामूली गिरावट आई है। हालांकि भीषण गर्मी और तपिश का असर बना हुआ है। मौसम विभाग ने कल से तापमान में फिर से बढोतरी होने और हीटवेव की संभावना जताई है। कुछ हिस्सों में आज तेज रफ्तार धूलभरी हवाएं चल सकती हैं। इस बीच, बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए लोगों से सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। डॉक्टरों ने गर्भवती महिलाओं को ज्यादा सतर्क रहने की सलाह दी है। एम्स नई दिल्ली की प्रसूति और स्त्रीरोग विभाग की डॉ. के. अपर्णा शर्मा ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए।

---------------

000